नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 15.03.2021

शाहजहॉपुर को नं0–01 बनाना है

- **नगर निगम शाहजहॉपुर एवं ऑल सेन्ट स्कूल के सहयोग से आज दिनांक 15.03.2021 को नगर के ऑल सेंन्ट स्कूल में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत स्वच्छता गोष्ठी का किया गया एक आयोजन।**

- नगर निगम शाहजहॉपुर एवं ऑल सेन्ट स्कूल के सहयोग से आज दिनांक 15.03.2021 को नगर के ऑल सेंन्ट स्कूल में स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत स्वच्छता गोष्ठी का एक आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। स्वच्छता गोष्ठी में ऑल सेंन्ट स्कूल के बच्चों द्वारा सरस्वती वदंना की गई एवं स्कूल के बच्चों द्वारा ही स्वच्छता पर आधारित नृत्य कला का प्रदर्शन कर स्वच्छता के लिये सन्देश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त महोदय द्वारा कचरे के सही निपटान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्भ्रान्त नागरिकों से अपील की गई कि हम सभी को कचरे के ठोस प्रबन्धन हेतु कचरे की शिफटिंग को खत्म करना होगा व सही निपटान की विधि को अपनाना होगा जिससे नगर को कचरा मुक्त बनाने में आसानी हो सके। इसके साथ ही बताया कि यदि एक व्यक्ति द्वारा एक दिन में 400 ग्राम सूखा एवं गीला कचरा इकठ्ठा होता है तो परिवार में 5 व्यक्तियों द्वारा लगभग 2 किलोग्राम कचरा इकठ्ठा होता है तो इसी प्रकार से सुखे एवं गीले कचरे को अलग–अलग करके गीले कचरे से खाद् बनाई जा सकेगी तथा सूखे कचरे से आय का साधन भी बढेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से अपील की गई कि कचरे के ठोस प्रबन्धन हेतु अपने घर के कचरे को घर पर ही होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से निस्तारण करें। जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सकें। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नगर निगम शाहजहॉपुर को देश में प्रथम स्थान पर लाने के लिये अधिक से अधिक सकात्मक वोटिंग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष श्री सचिन बाथम द्वारा मुख्य अतिथि नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम,स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव को स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दृष्टिगत स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। व्यापार मण्डल से श्री सुरेन्द्र सिंह सेठ द्वारा सभी से अपील की गई नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान का हिस्सा बने व इस कार्य में अपने तन–मन से सहयोग करें। साथ ही नगर निगम की इस पहल की भूरी–भूरी प्रशंसा की गई। इस मौके पर श्री उवैस हसन खॉ द्वारा अपील की गई कि जिस तरह से हम सभी अपनें घरों को साफ रखते है उसी प्रकार से अपने मोहल्ला एवं गली को भी साफ रखें। कार्यक्रम में श्री अमित मिश्रा द्वारा स्वच्छता गोष्ठी के दृष्टिगत रखते हुये बताया गया कि हस सभी को स्वंय ही कचरे का सही निपटान करना चाहिये। कार्यक्रम में श्री राजीव खन्ना द्वारा डोर–टू–डोर कचरा एकत्र करने वाले को समय पर ही सूखा एवं गीला कचरा अलग–अलग कर डाले जाने की अपील की गई। श्री नारायण दास अग्रवाल,श्री अमित मिश्रा,श्री राजीव खन्ना एवं डी0सी0 श्री विनय प्रताप सिंह द्वारा स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम का सचांलन व्ययपार मण्डल से श्री सुरेन्द्र सिंह सेठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम,स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव,स्कूल की प्रधानाचार्य शैल श्रीवास्तव, साक्षी रस्तोगी,जिया खान,रेनू अग्रवाल, श्री शशांक कौशिक,श्री रमेश गुप्ता,श्री अमित मिश्रा,श्री नासिर खॉ,श्री दीपक जयसवाल,श्री आसिफ अली खॉ, श्री अनुराग गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।